हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

04 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल चाचौड़ा में ही बनाने की मांग



07 चंदेरी के पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर मारपीट व पैसे मांगने के आरोप



समाचार संक्षेप

आज शहर के इन क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

गुना। सहायक प्रबंधक म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, ने बताया हैं कि 11 केव्ही हाट रोड फीडरों पर दीवाली पर्व पूर्व पोस्ट मानसून मेंटेनेंस कार्य होने से दिनांक 14 अक्टूबर 2026 को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक हाट रोड, हनुमान चौराहा, पुरानी गल्ला मण्डी, राधा कालोनी, छाबड़ा कालोनी में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। उक्त समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया व बढाया जा सकता हैं।

जिले में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए शिविरों का आयोजन 21 अक्टूबर से

गुना। जिला रोजगार कार्यालय एवं मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला गुना के सहयोग से जीडीएक्स ग्रुप, ग्रेटर नोएडा द्वारा भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत सुरक्षा जवानों के 250 एवं सुपरवाइजर के 30 पदों पर भर्ती के लिए जनपद पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 अक्टूबर 2026 को जनपद पंचायत आजीविका भवन आरोन, 22 अक्टूबर को जनपद पंचायत आजीविका भवन राघौगढ़, 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत आजीविका भवन चांचौड़ा, 27 अक्टूबर को जनपद पंचायत आजीविका भवन गुना तथा 28 अक्टूबर 2026 को सांदीपनी विद्यालय फतेहगढ़ (बमोरी) में भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविरों का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। सुरक्षा जवान के पद के लिए अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास, आयु 18 से 45 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर तथा वजन 52 से 96 किलोग्राम होना चाहिए। वहीं, सुपरवाइजर पद के लिए स्नातक एवं कंप्यूटर का ज्ञान, आयु 22 से 40 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर तथा वजन 55 से 90 किलोग्राम निर्धारित किया गया है।

चेक बाउंस मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

गुना। कैंट पुलिस द्वारा चेक बाउंस के प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय गुना में चेक बाउंस से संबंधित प्रकरण क्रमांक 240/20, धारा 138 एन.आई. एक्ट के अंतर्गत आरोपी अयूब खांन निवासी पेंशनर मौहल्ला केंट गुना, न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार चल रहा था । आरोपी की न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने हेतु माननीय न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था । पुलिस द्वारा फरार वारंटी की लगातार तलाश एवं संभावित ठिकानों पर सतत निगरानी रखी जा रही थी । उसकी तलाश के क्रम में सोमवार को वारंटी के संबंध में मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल संभावित स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी अयूब खान को गिरफ्तार कर किया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । पुलिस की इस कार्यवाही केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, पुलिस लाईन से प्रधान आरक्षक अजेन्द्र पाल सिंह, प्रधान आरक्षक हरीश राजपूत, आरक्षक विनय धाकड़ एवं आरक्षक शरद यादव की विशेष भूमिका रही है ।

घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदायों के लिए विशेष शिविरों का आयोजन

गुना। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदायों की समस्याओं के तत्परता से समाधान के लिए तहसील स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में समुदाय के विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदनों के साथ जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों के आवेदनों का मौके पर ही तत्परता से निराकरण किया जाएगा। साथ ही समुदाय से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। जिले की विभिन्न तहसीलों में निर्धारित तिथियों के अनुसार शिविर आयोजित किए जाएंगे। दिनांक 14 अक्टूबर को शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल, उमरी में, 15 अक्टूबर को तहसील कार्यालय गुना में, 21 अक्टूबर को तहसील परिसर, बीनागंज में तथा 22 अक्टूबर को तहसील परिसर, मधुसूदनगढ़ में शिविर आयोजित होगा। साथ ही 28 अक्टूबर को तहसील परिसर, कुंभराज में आयोजित किए जाएंगे।

पांच बीघा जमीन के विवाद में निष्पक्ष जांच और दोबारा सीमांकन की मांग

जनसुनवाई में न्याय की गुहार लेकर पहुंचा आदिवासी परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम धनोरिया का एक आदिवासी परिवार गले में तख्तियां लटकाकर न्याय की गुहार लगाने पहुंचा। परिवार ने करीब पांच बीघा पुश्तैनी कृषि भूमि पर पिछले पांच वर्षों से अवैध कब्जा होने का आरोप लगाते हुए जमीन का वास्तविक कब्जा दिलाने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

आवेदनकर्ता सुनीता बाई सहरिया, पत्नी स्व. घासीलाल सहरिया, निवासी ग्राम धनोरिया, तहसील बमोरी ने बताया कि उनके पति के नाम करीब पांच बीघा कृषि भूमि है। इस जमीन पर बोरिंग और बिजली की डीपी भी लगी है। परिवार का कहना है कि वे वर्षों से इस भूमि पर खेती कर अपना जीवन-यापन करते आए हैं।

सुनीता बाई ने आरोप लगाया कि



गांव के सरवन ने पिछले करीब पांच वर्षों से जमीन पर कब्जा कर रखा है। परिवार के जमीन पर जाने की कोशिश करने पर विवाद की स्थिति बनती है। महिला के अनुसार, इस संबंध में थाना फतेहगढ़, तहसील कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।

पूर्व सीमांकन पर उठाए सवाल

परिवार ने कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में कराए गए सीमांकन पर सवाल उठाए हैं। आवेदन में तत्कालीन नायब तहसीलदार और वर्तमान तहसीलदार की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। परिवार का आरोप है कि सीमांकन निष्पक्ष तरीके से नहीं हुआ और उन्हें जमीन का वास्तविक कब्जा नहीं दिलाया गया। आवेदन में लेन-देन की आशंका भी जताई गई है, हालांकि इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

निष्पक्ष जांच और पुनः सीमांकन की मांग

महिला ने मांग की है कि पूर्व सीमांकन की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और किसी अन्य निष्पक्ष राजस्व अधिकारी की मौजूदगी में दोबारा सीमांकन कराया जाए। पति की मृत्यु के बाद बच्चों के पालन-पोषण में आ रही कठिनाइयों का हवाला देते हुए उन्होंने जमीन पर वास्तविक कब्जा दिलाने और जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

रेलवे कंसेक्शन प्रमाण-पत्र नहीं मिलने पर दिव्यांग ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला कलेक्टोरेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में माथुर कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय दिव्यांग राजेश कुमार जैन ने पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक शिकायती आवेदन सौंपा है। पीड़ित ने जिला अस्पताल के संबंधित डॉक्टर पर रेलवे कन्सेशन प्रमाण-पत्र जारी न करने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में पीड़ित राजेश कुमार जैन पिता स्व. कैलाशचंद जैन ने बताया कि वह शारीरिक रूप से 40 प्रतिशत लोकोमोटर दिव्यांगता से ग्रस्त हैं और उनकी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी भी बनी हुई है। उनके शरीर का एक हाथ और एक पैर ठीक से काम नहीं करता, जिससे उन्हें दैनिक गतिविधियों और चलने-फिरने के लिए हर समय एक सहायक की आवश्यकता पड़ती है। पीड़ित का कहना है कि भारतीय रेलवे के नियमानुसार ऐसे अस्थि-दिव्यांग व्यक्ति जो बिना सहायक के यात्रा नहीं कर सकते, वे रेल किराए में रियायत पाने के पात्र हैं। लेकिन इसके लिए आवश्यक रेलवे कन्सेशन प्रमाण-पत्र बनवाने जब वह जिला चिकित्सालय पहुंचे, तो संबंधित डॉक्टर द्वारा प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार कर दिया गया।

निःशुल्क बस पास देने की मांग को लेकर छात्रों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा कलेक्ट्रेट

एक्सीलेंस कॉलेज में बस फीस वसूलने पर रोक लगाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सरकार द्वारा निजी बस संचालकों को किराया बढ़ाने की अनुमति दिए जाने और छात्रों को हो रही आर्थिक परेशानियों के खिलाफ छात्र संगठन डीएसओ ने मुखर विरोध दर्ज कराया है। मंगलवार को डीएसओ जिला काउंसिल के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें छात्रों के लिए निःशुल्क बस पास उपलब्ध कराने और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बस के नाम पर की जा रही अतिरिक्त वसूली पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से डीएसओ जिला काउंसिल के अध्यक्ष शुभम राव ने बताया कि सरकार द्वारा निजी बस मालिकों को प्रति किलोमीटर दो रुपए तक किराया बढ़ाने की अनुमति देने से ग्रामीण अंचल से प्रतिदिन स्कूल और कॉलेज आने वाले छात्र-नौजवानों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ गया है। कई गरीब छात्र-छात्राएं इस बढ़े हुए खर्च के कारण अपनी पढ़ाई छोडने को मजबूर हो रहे हैं। संगठन लंबे समय से यह मांग करता आ रहा है कि सरकार को सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए ताकि आमजन और छात्र आसानी से सफर कर सकें। देश के कई अन्य राज्यों में छात्रों को निःशुल्क बस पास की सुविधा दी जा रही है, उसी तर्ज पर मध्य प्रदेश सरकार को भी यह व्यवस्था लागू करनी चाहिए।

इसके अलावा, सांदीपनि स्कूलों के नाम पर पंद्रह किलोमीटर के दायरे में केवल एक स्कूल खोले जाने और आसपास के ग्रामीण स्कूलों को बंद किए जाने से छात्रों को दूर-दराज पढ़ाई के लिए जाना पड़ रहा है। दूसरी ओर, गुना के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कॉलेज प्रशासन द्वारा बस सुविधा के नाम पर डेढ़ हजार से अधिक छात्रों से प्रति छात्र 365 रुपए वार्षिक अतिरिक्त फीस वसूली जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर छात्रों को कोई बस सुविधा नहीं मिल रही है।

आपदा से पहले आपदा से निपटने की हो तैयारी, प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आपदा के समय तुरंत प्रतिक्रिया हेतु आपदा मित्रों का प्रशिक्षण होमगार्ड विभाग द्वारा मंगलवार को शासकीय विधि महा विद्यालय अशोकनगर में किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर ने कहा कि किसी भी आपदा से पहले आपदा से निपटने की तैयारी होनी चाहिये जिससे आपदा से निपटने हेतु समय पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आपदा में सेवकों को आपदा के प्रति किए जाने वाले कार्यों के महत्व समझकर आपदा मित्र सेवकों में नए उत्साह का संचार किया। उन्होंने मानवीय गुणों के आवश्यक कार्य,एक दूसरे की सहायता करने के बारे में बताया। उन्होंने अपने द्वारा मनुष्य और अन्य जीवो में भेद बताकर जीवन के विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने इमरजेंसी में सुरक्षित आपदा के प्रति तुरंत कार्रवाई करने की हिदायत दी गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा के समय त्वरित रूप से मानवीय सहायता जन जन तक पहुंचाये जाने के लक्ष्य को सार्थक करने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर जिला होमगार्ड कामडेंट राघवेन्द्र शर्मा,विधि महाविद्यालय की प्राचार्य गरिमा राठौर सहित संबंधित उपस्थित थे।

आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में गुना पुलिस की सक्रिय कार्रवाई

गुना। जिले के धरनावदा थाना पुलिस ने ग्राम झागर में युवक की आत्महत्या के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इससे पहले पुलिस एक अन्य आरोपी विट्ठल किरार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मामले में शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम झागर निवासी हेमराज पुत्र लालाराम किरार ने 18 सितंबर को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद धरनावदा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मामले की जांच डीएसपी विवेक अष्ठाना को सौंपी गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट सहित अन्य तथ्यों और साक्ष्यों की जांच की गई। पुलिस के अनुसार, जांच में रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद, मारपीट, जमीन बेचने के लिए दबाव बनाने और पूर्व में बेची गई जमीन के सौदे की पूरी राशि नहीं मिलने जैसी परिस्थितियां सामने आईं।

पुलिस ने बताया कि मामले में 11 अक्टूबर को आरोपी विट्ठल किरार निवासी ग्राम झागर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके बाद सोमवार को फरार आरोपी रूप सिंह उर्फ रूपा पुत्र विट्ठल किरार, निवासी ग्राम झागर को गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

टोइंग क्रेन कार्रवाई पर विवाद, यातायात प्रधान आरक्षक ने एसपी को सौंपा आवेदन

गुना। शहर में नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ की जाने वाली टोइंग क्रेन की कार्रवाई के दौरान विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। यातायात थाना गुना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजवीर भदौरिया ने मंगलवार को जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक के समक्ष एक विस्तृत आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में ड्यूटी के दौरान एक वाहन चालक द्वारा अभद्रता, अश्लील गाली-गलौज, मारपीट का प्रयास, जान से मारने की धमकी देने और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए कड़ी वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है।

प्रधान आरक्षक राजवीर भदौरिया ने आवेदन में बताया कि गत 29 सितंबर को वह कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एबी रोड स्थित जज्जी बस स्टैंड के पास गुप्ता मोटर्स एवं कैपिटल बैटरी के सामने टोइंग क्रेन मोबाइल पर ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान वहां नो-पार्किंग में एक कार क्रमांक एमी 32-1053 खड़ी पाई गई। लाउडस्पीकर से बार-बार अनाउंसमेंट करने के बाद भी जब वाहन चालक मौके पर नहीं आया, तो नियमानुसार वाहन को लॉक कर 300 का टोइंग शुल्क निर्धारित किया गया। जब इस वाहन को टोइंग क्रेन से थाने ले जाने की कार्रवाई की जा रही थी, तभी वाहन मालिक गौरव मौके पर पहुंचा और आक्रोशित होकर अभद्रता करने लगा। आरोप है कि चालक ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए वर्दी उतरवाने की धमकी दी और थप्पड़ मारने का प्रयास किया।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए संसद और विधानसभा में सार्थक चर्चा जरूरी : लक्ष्मण सिंह

बढ़ते कर्ज, भ्रष्टाचार, महंगाई और चुनाव सुधारों पर जताई चिंता, मतदाताओं से की ईमानदार जनप्रतिनिधि चुनने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



लोकतंत्र, संविधान, चुनाव सुधारों और देश की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने कहा कि संसद और विधानसभा लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाएं हैं। इनका सुचारु संचालन जरूरी है। जनप्रतिनिधियों को सदनों में हंगामा करने के बजाय जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि लोकतंत्र खतरे में है, तो संसद और विधानसभा में इस विषय पर चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष को सरकार की नीतियों का विरोध तथ्यों और ठोस तर्कों के आधार पर करना चाहिए, ताकि सरकार को जवाबदेह बनाया जा सके। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के संसदीय कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रभावी विपक्ष लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। लक्ष्मण सिंह ने मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों पर बढ़ते कर्ज, महंगाई और भ्रष्टाचार पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकारी खर्चों की समीक्षा और बजट पर पर्याप्त चर्चा जरूरी है। साथ ही, उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और चुनाव प्रक्रिया में सुधार की जरूरत बताते हुए कहा कि चुनाव आयोग पर जनता का विश्वास बनाए रखना लोकतंत्र के हित में है। इसके लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर चर्चा करनी चाहिए तथा चुनाव सुधारों में जनता के सुझावों को भी शामिल करना चाहिए। राजनीति में धर्म के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलने वाले दुष्प्रचार पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं होना चाहिए और जनता को भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहना चाहिए। अंत में लक्ष्मण सिंह ने मतदाताओं से अपील की कि वे जाति, धर्म, भीड़ और धनबल से प्रभावित होने के बजाय उम्मीदवार की ईमानदारी, कार्यक्षमता और जनसेवा की भावना को प्राथमिकता दें। उन्होंने युवाओं और साधारण परिवारों से आने वाले योग्य लोगों को राजनीति में अवसर देने पर जोर देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, महंगाई में कमी, कर्ज का उचित प्रबंधन और विकास को प्राथमिकता देकर ही एक मजबूत, समृद्ध और खुशहाल भारत का निर्माण किया जा सकता है।

रामलीला मंचन: केवट के निस्वार्थ प्रेम और भवसागर पार उतारने के वरदान ने जीता श्रद्धालुओं का मन

सजीव हुआ केवट संवाद,श्रीराम की भक्ति में भाव-विभोर हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला मैदान में सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के सातवें दिन प्रभु श्रीराम के वनवास और ऐतिहासिक केवट संवाद की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और केवट के प्रसंग को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रभु श्रीराम के प्रति केवट की अनन्य भक्ति, प्रेम और समर्पण को देखकर रामलीला देखने पहुंचे दर्शक भाव-विभोर हो गए।

रामलीला के प्रसंग के अनुसार, वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण गंगा नदी के तट पर पहुंचते हैं। उन्हें



गंगा पार जाना होता है। इसी दौरान केवट का प्रवेश होता है। केवट प्रभु श्रीराम को पहचानकर उनके चरण धोने की इच्छा प्रकट करता है और बिना चरण पखारे उन्हें अपनी नाव में बैठाने से मना कर देता है।

केवट को विश्वास होता है कि प्रभु श्रीराम के चरणों के स्पर्श से पत्थर बनी अहिल्या का उद्धार हो गया था। ऐसे में उसे डर है कि कहीं प्रभु के चरणों के स्पर्श से उसकी लकड़ी की नाव भी किसी अन्य रूप में न बदल जाए। इसी भाव के साथ वह प्रभु के चरण धोने की जिद करता है।

केवट की भक्ति के आगे प्रभु ने स्वीकार की विनती

केवट हाथ जोड़कर प्रभु श्रीराम से निवेदन करता है कि वह पहले उनके चरण पखारेगा और चरणामृत ग्रहण करने के बाद ही उन्हें गंगा पार कराएगा। केवट के इस निश्छल प्रेम और भक्ति को देखकर प्रभु श्रीराम उसकी विनती स्वीकार कर लेते हैं। इसके बाद केवट अपने परिवार और कुटुंब सहित प्रभु श्रीराम के चरण पखारता है। यह दृश्य मंच पर अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। केवट की भक्ति, प्रभु श्रीराम की करुणा और भक्त के प्रति उनके प्रेम ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। कलाकारों के अभिनय और संवादों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गंगा पार उतरने के बाद प्रभु श्रीराम केवट को उतराई देना चाहते हैं, लेकिन केवट विनम्रतापूर्वक उसे लेने से इनकार कर देता है। वह प्रभु से कहता है कि उसने तो केवल नदी पार उतारने का कार्य किया है, जबकि प्रभु श्रीराम स्वयं जीवों को भवसागर से पार उतारने वाले हैं। इसलिए वह बदले में उनसे भवसागर से पार उतारने का वरदान चाहता है। केवट के इस भावपूर्ण संवाद ने भक्ति और समर्पण का संदेश दिया। लीला के माध्यम से यह दर्शाया गया कि सच्ची भक्ति में धन-दौलत या किसी प्रकार के प्रतिफल का महत्व नहीं होता, बल्कि भगवान के प्रति निस्वार्थ प्रेम और पूर्ण समर्पण ही सबसे बड़ा भाव है।

समाचार संक्षेप

मां दुर्गा की भव्य स्थापना, विधायक जयवर्धन सिंह और ऋषि अग्रवाल ने की पूजा-अर्चना



राघौगढ़। नवरात्रि के पावन पर्व पर रानी जी के मंदिर के पास प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी मां दुर्गा की भव्य स्थापना की गई। नवरात्रि के प्रथम दिन विधायक जयवर्धन सिंह एवं विधायक ऋषि अग्रवाल ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आरती की और नगरवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने माता रानी से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर जयवर्धन सिंह ने झांकी में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। झांकी समिति की ओर से दोनों विधायकों का साफा बांधकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया।

राघोगढ़ में एक घंटे की अघोषित बिजली कटौती से छाया अंधेरा



राघोगढ़। सोमवार रात नगर में करीब एक घंटे की अघोषित बिजली कटौती से अंधेरा छा गया। इन दिनों नवरात्रि के चलते माता रानी की झांकियां देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु सड़कों पर पहुंच रहे हैं। ऐसे में बिजली गुल होने से आमजन, दुकानदारों और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग मोबाइल की टॉर्च जलाकर रास्ता देखते नजर आए, वहीं कुछ झांकियों में भी अंधेरा छा गया। त्योहार के दौरान बिजली कटौती से लोगों में नाराजगी देखी गई।

कलेक्टर ने नरवाई प्रबंधन रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

गुना। जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोकथाम के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट से नरवाई प्रबंधन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यालय सहायक कृषि यंत्री, गुना द्वारा संचालित यह रथ जिले के उन ग्रामों में पहुंचकर किसानों को जागरूक करेगा, जहां पराली जलाने की घटनाएं हो रही हैं। रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने के दुष्प्रभावों तथा इसके उचित प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी जाएगी। नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा मिट्टी में मौजूद उपयोगी जीवाणु एवं मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं। नरवाई प्रबंधन के लिए किसान सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, मल्चर, हार्वेस्टर विद स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम एवं बेलर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा, उपसंचालक उद्यानिकी केपीएस किरार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल चाचौड़ा में ही बनाने की मांग

जनहित ज्ञापन सौंपने की तैयारी, ब्लड बैंक और बीएमओ की नियमित उपलब्धता का मुद्दा भी उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



चाचौड़ा ब्लॉक के लिए स्वीकृत 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल को नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर बनाए जाने की चर्चा के बीच क्षेत्रवासियों ने अस्पताल का निर्माण चाचौड़ा नगर में ही कराने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि अस्पताल दूर बनने से चाचौड़ा-बीनागंज सहित आसपास की 106 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और आदिवासी परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम जनहित ज्ञापन प्रस्तुत कर निर्माण स्थल पर पुनर्विचार करने की मांग की जा रही है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, चाचौड़ा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ऐसे में 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की स्वीकृति से लोगों को बेहतर उपचार की उम्मीद जगी है। उनका कहना है कि वर्तमान अस्पताल परिसर में लगभग 5 बीघा शासकीय भूमि उपलब्ध है। संबंधित अधिकारियों को भूमि की उपलब्धता और तकनीकी व्यवहार्यता की जांच कराकर इसी परिसर में नए अस्पताल का निर्माण कराना चाहिए। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान अस्पताल भवन लगभग 50 वर्ष पुराना है। ऐसे में भवन की तकनीकी जांच कराकर आवश्यकतानुसार पुराने भवन को हटाया जाए और उसी स्थान पर आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त नया अस्पताल बनाया जाए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अस्पताल नगर से दूर बनने पर विशेषकर रात के समय मरीजों को वहां पहुंचने में कठिनाई हो सकती है। गर्भवती महिलाओं, हृदय रोगियों, दुर्घटना में घायल लोगों और सर्पदंश के मरीजों के लिए समय पर उपचार मिलना बेहद जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों से पहले ही लंबी दूरी तय कर चाचौड़ा पहुंचने वाले मरीजों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे परिवहन खर्च और परेशानियां बढ़ सकती हैं। ज्ञापन में चाचौड़ा अस्पताल में ब्लड बैंक अथवा नियमानुसार रक्त भंडारण सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, प्रसव, दुर्घटना और गंभीर बीमारियों के दौरान रक्त की आवश्यकता पड़ने पर मरीजों के परिजनों को दूसरे शहरों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने प्रस्तावित सिविल अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय व्यापारी, किसान और नागरिक भी सहयोग के लिए तैयार हैं। क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है। क्षेत्रवासियों ने बीएमओ को सप्ताह में कम से कम तीन दिन चाचौड़ा अस्पताल में बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि मरीजों की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके और स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी बेहतर तरीके से की जा सके।

ब्लड बैंक की लैब के लिए सोनी ब्रदर्स ने 10 लाख तक सहायता की पेशकश की

चाचौड़ा-बीनागंज क्षेत्र में ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समाजसेवी एवं व्यापारी रवि सोनी और महेंद्र सोनी (सोनी ब्रदर्स) ने जनहित में पहल की है। उन्होंने ब्लड बैंक की लैब स्थापित करने के लिए एक लाख से 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता देने की पेशकश की है। सोनी ब्रदर्स ने बताया कि क्षेत्र में ब्लड बैंक नहीं होने से प्रसूताओं और गंभीर मरीजों के परिजनों को रक्त की व्यवस्था के लिए गुना, ब्यावरा, भोपाल और इंदौर जाना पड़ता है। इससे समय और धन की परेशानी होती है। उन्होंने बीएमओ बीनागंज से आवश्यक कागजी प्रक्रिया और सरकारी औपचारिकताएं पूरी कर इस दिशा में पहल करने की अपील की। गौरतलब है कि हाल ही में व्यापारी संघ की पहल पर 100 यूनिट रक्तदान किया गया था। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि सरकारी प्रक्रिया पूरी होने पर चाचौड़ा-बीनागंज में ब्लड बैंक की सुविधा शुरू हो सकेगी, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

सफाईकर्मियों ने सीएमओ पर लगाए जातिसूचक शब्द कहने के आरोप

चांचौड़ा। नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज में सफाई कर्मचारियों और प्रभारी सीएमओ प्रमोद कुमार बरुआ के बीच विवाद का मामला सामने आया है। कर्मचारियों ने सीएमओ पर जातिसूचक शब्दों और अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत आवेदन के अनुसार, घटना 13 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 9:45 बजे की है। सफाई कर्मचारी बीनागंज-चाचौड़ा रोड क्षेत्र में सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान विवाद और गाली-गलौज होने के आरोप लगाए गए। कर्मचारियों का कहना है कि घटना के समय मौके पर अन्य लोग भी मौजूद थे, वहीं, प्रभारी सीएमओ प्रमोद कुमार बरुआ ने आरोपों को मनगढ़ंत और गलत बताया है। उनका कहना है कि वे नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज को पॉलिथीन मुक्त बनाने और स्वच्छता के मामले में जिले में नंबर वन लाना चाहते हैं, लेकिन कर्मचारियों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है।

शासकीय कन्या महाविद्यालय चांचौड़ा में जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में अंतर महाविद्यालय जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय पीजी कॉलेज गुना एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में कृषिका कुशवाहा, कीर्ति कुशवाहा, मानसी गुर्जर एवं किरण मीणा विजेता रहीं, जबकि राधिका मीणा ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में आनंद भदौरिया विजेता रहे।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. कुलदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोरेलाल बिशोरिया ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राम माली, शैलेंद्र शर्मा, डॉ. आशीष दुबे, हीरालाल पटेल, डॉ. विनोद चारी, संदीप कुमार, डॉ. राज मोहम्मद एवं डॉ. नीलू मांझी सहित अन्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिला।

अंतरात्मा की आवाज नहीं, कर्मों के फल से प्रभावित होते हैं हमारे विचार : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭राघोगढ़



इस सदी के महान दिगंबर संत आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, ओजस्वी वक्ता, महातपस्वी एवं बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने मंगलवार को विद्यासागर सभागार, .में 'अंतरात्मा की आवाज पहचानो' विषय पर मंगल प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि अनिश्चय की स्थिति में मनुष्य आंखें बंद कर भगवान का स्मरण करता है और समस्या के समाधान के लिए मन में उठने वाले विचारों को अंतरात्मा की आवाज मान लेता है, जबकि जैन दर्शन में इस प्रकार की अंतरात्मा की आवाज का उल्लेख नहीं है। मुनिराज ने कहा कि जीवन में कई बार ऐसी परिस्थितियां आती हैं, जब व्यक्ति किसी समस्या के संबंध में निर्णय नहीं ले पाता। आचार्य समंतभद्र स्वामी द्वारा रचित रत्नकरण्ड श्रावकाचार ग्रंथ का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भय, आशा, स्नेह और लोभ के कारण मनुष्य अनिश्चय की स्थिति में पहुंच जाता है। ऐसी स्थिति में वह भगवान का स्मरण कर निर्णय लेने का प्रयास करता है और बुद्धि में आने वाले विचारों को अंतरात्मा की आवाज समझ बैठता है।

तीन चोरों के उदाहरण से समझाया सिद्धांत

मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने तीन चोरों का उदाहरण देते हुए बताया कि तीनों इस बात पर सहमत नहीं हो पाए कि उन्हें कहां चोरी करनी चाहिए। पहला चोर बैंक पहुंचा, जहां सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे। उसने भगवान का स्मरण कर विचार किया तो उसके मन में चोरी नहीं करने का विचार आया, लेकिन उसने चोरी की और सफल रहा। दूसरा चोर राजमहल पहुंचा। उसके मन में चोरी करने और सफल होने का विचार आया तथा वह भी सफल हो गया। तीसरा चोर एक सेठ के घर पहुंचा। उसके मन में चोरी न करने का विचार आया, क्योंकि पकड़े जाने की आशंका थी। इसके बावजूद उसने चोरी की और पकड़ा गया। इन उदाहरणों के माध्यम से मुनिराज ने समझाया कि मन में उठने वाले विचारों को अंतरात्मा की अचूक आवाज मानना उचित नहीं है।

लायंस क्लब ने प्रसिद्ध रामलीला में की आरती, कलाकारों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर की प्रसिद्ध रामलीला, जो लगभग 80 वर्षों से शहर की धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बनी हुई है, में लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा भगवान श्रीराम की आरती एवं पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर रामलीला समिति एवं कलाकारों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। रामलीला की विशेषता है कि पिछले 80 वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी कलाकार अपनी सेवाएँ देते आ रहे हैं। कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा एवं धर्म की विजय का संदेश जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। इतने वर्षों बाद भी रामलीला की परंपरा पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निरंतर जारी है। लायंस क्लब के सदस्यों ने समिति एवं कलाकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराएँ हमारी धरोहर हैं, जिन्हें सहेजकर रखना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर रामलीला समिति के सदस्यों एवं कलाकारों का सम्मान किया गया। लायंस क्लब अशोकनगर के अध्यक्ष विकास रघुवंशी ने अपने पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ रामलीला की इस गौरवशाली परंपरा को नमन करते हुए समिति एवं कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सांदीपनि महिदपुर स्कूल का नाम भूमिदान दाता के नाम करने के लिए पत्र लिखा

अशोकनगर। अखिल भारतीय अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद जिला अशोकनगर द्वारा 29 सितबंर को की गई मांग के बाद जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने लोक शिक्षण आयुक्त भोपाल को एक पत्र लिखकर कहा है कि महिदपुर के सांदीपनि उच्चतर विद्यालय का नामकरण भूमि दानदाता स्वर्गीय बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी के नाम पर किया जाए तथा शाला परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाने की स्वीकृति मांगी है। ज्ञात हो कि स्वर्गीय बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा सांदीपनि स्कूल के निर्माण हेतु 0.836 हेक्टयर भूमि दान की थी जिस पर सांदीपनि स्कूल का निर्माण ग्राम महिदपुर में किया गया है। इस संबंध में 31 अगस्त 2026 को शाला प्रंबधन समिति की बैठक में स्कूल का नाम बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी के नाम किए जाने और प्रतिमा लगाए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को लिखे गए पत्र के बाद स्वीकृति का इंतजार है।



जनगणना कार्य के द्वितीय चरण संबंधी दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का समापन

अशोकनगर। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय तथा अपर कलेक्टर जिला जनगणना एवं नोडल अधिकारी डी.एन.सिंह के मार्गदर्शन में जिला अशोकनगर के जनगणना 2027 के द्वितीय चरण जनसंख्या की गणना हेतु मंगलवार को जिला पंचायत सभागार अशोकनगर में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। दो प्रशिक्षण में जिला योजना अधिकारी बी एस वसुनिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले के 8 ग्रामीण चार्ज अधिकारियों, 6 नगरीय चार्ज अधिकारियों एवं जनगणना चार्ज क्षेत्र में संलग्न समस्त कर्मचारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें निदेशालय से जिला जनगणना प्रभारी जमील खान एवं मास्ट्रर ट्रेनर रजनीश भार्गव द्वारा जनगणना कार्य को सुचारू संचालन के लिए जनगणना कार्य की बारीकियां से परिचय कराया गया। चार्ज अधिकारियों से जनगणना कार्य को सतत निगरानी में कराने,आंकड़ों की वास्तविक जानकारी पोर्टल पर अपलोड कराने बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी राहुल वर्मा, जिला स्तरीय जनगणना समन्वयक विनोद कुमार सिहारे एवं अनिल कुमार खंतवाल जिला सहायक साख्यिकी अधिकारी कोमल सिंह मीना उपस्थित रहे।

सेवानिवृत 80 वर्षीय पुलिस कर्मी के साथ पेंशन के पैसे न देने पर मारपीट की



अशोकनगर। स्थानीय छैःघरा कॉलोनी निवासी एक बेटे ने अपने ही पिता के साथ बेहरमी से मारपीट की,आरोप है कि पुत्र पिता से पेंशन के पैसे न देने पर शराब के नशे में आया और मारपीट की गई जिससे उसे चोटें आई हैं। 80 वर्षीय चिरोंजीलाल पुत्र गणेशराम विश्वकर्मा पुलिस विभाग में पदस्थ रहे हैं, सेवा निवृति के बाद वह घर पर ही रह रहे हैं। चिरोंजीलाल की तबीयत पहले से ही खराब चल रही है रात करीब 12 बजे उनके बड़े पुत्र गोपाल विश्वकर्मा ने शराब के नशे में घर पर पेंशन के पैसे न देने पर अपने ही पिता से मारपीट की। इस दौरान पत्नि जब बचाने आई तब भी वह नहीं माना तब आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर उन्हें बचाया। जिला अस्पताल में उपचार के लिए बुजुर्ग को लाया गया।

चंदेरी मंडी में मक्का की रिकॉर्ड आवक

किसानों को सही तौल, अधिकतम मूल्य और ठहरने-भोजन की सुविधा देना प्राथमिकता: शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭चंदेरी

चंदेरी कृषि उपज मंडी में मक्का की बंपर आवक का सिलसिला जारी है। पिछले दस दिनों में मंडी में 21 हजार क्विंटल मक्का की आवक दर्ज की गई है। बड़ी मात्रा में मक्का लेकर मंडी पहुंच रहे किसानों के बीच तुलाई, ढुलाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने पर मंडी प्रशासन का विशेष ध्यान है। रिकॉर्ड आवक के बावजूद किसानों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं। मंडी में किसानों की उपज की सही तुलाई, ढुलाई और उनके लिए आवश्यक सुविधाओं का प्रबंधन किया जा रहा है। मंडी प्रशासन का प्रयास है कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिल सके।

सही तौल और उचित मूल्य दिलाना प्राथमिकता

कृषि उपज मंडी चंदेरी के सचिव राजेश शर्मा ने कहा कि किसानों की उपज का सही तौल सुनिश्चित करना और गुणवत्ता के अनुरूप उन्हें अधिकतम मूल्य दिलाना हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही मंडी में आने वाले किसानों के ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था बनाए रखने का भी प्रयास किया जा रहा है, ताकि दूर-दराज से उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो।

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में मां चंद्रघंटा का विधिवत पांच उपचार से पूजन किया

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा की सानिध्य में नवरात्रि के चलते तृतीय दिवस के अवसर पर मां चंद्रघंटा का विधिवत पांच उपचार से पूजन किया गया एवं श्री सूक्त के पाठ से श्रद्धालुओं द्वारा पूजन करवाया गया तथा कवच अर्गला कीलक स्रोत का पाठ किया गया। कार्यक्रम में तीन कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया तथा अन्य कन्या ब्राह्मणों का आदर सत्कार किया गया। कन्या पूजन का सौभाग्य धर्मेंद्र यादव को प्राप्त हुआ एवं सीताराम ने पूजन करवाया। यहां पर प्रतिदिन कन्याओं का पूजन तिथि के अनुसार किया जाता है मार्कंडेय पुराण के अनुसार उन्होंने बताया कि मां दुर्गा जी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन आराधन किया जाता है इनका यह स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है इनकी मस्तक में घंटा के आकार का अर्ध चंद्र है।

विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित अग्नि शिखा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आत्मरक्षा प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) अशोकनगर द्वारा 13 अक्टूबर को सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में युवती सम्मेलन 'अग्निशिखा' का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य युवतियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस विभाग की आर.आई. मोनिका जैन,समाजसेवी डॉ.अनुराधा यादव, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्व विद्यालय की कार्य परिषद सदस्य संध्या चैकसे एवं मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित मुंगावली की बेटी श्रीजी मिश्रा तथा विद्यार्थी परिषद की जिला छात्रा प्रमुख शिव ज्योति केवट मंचासीन रहीं। अतिथियों ने युवतियों को संबोधित करते हुए शिक्षा, आत्मनिर्भरता, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने युवतियों से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ।

प्रथम सत्र में अतिथियों के उद्बोधन के माध्यम से युवतियों को प्रेरणादायी संदेश दिया गया। वहीं, द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आत्मरक्षा का विशेष प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। आत्मरक्षा प्रदर्शन के माध्यम से युवतियों को विपरीत परिस्थितियों में सजग रहने, साहस के साथ उनका सामना करने तथा स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सम्मेलन को उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी बनाया। अग्निशिखा युवती सम्मेलन ने युवतियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, आत्मनिर्भर बनने और समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी अशोकनगर
E-mail: rtoask@mp.gov.in &
smart_ashoknagar@yahoo.in
क्रं/280/2026 अशोकनगर, दिनांक 12/10/2026
वाहन किराये से लिए जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन बावत्
जिला परिवहन कार्यालय अशोकनगर में परिवहन व्यवस्था / शासकीय कार्य आदि के लिए वाहन फिक्स / बेरिएवल मासिक आधार पर 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए वाहन किराए पर लिया जाना है। जिस हेतु विज्ञप्ति जारी की जा रही है।
जिला परिवहन अधिकारी
अशोकनगर

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री के आश्वासन पर पटवारियों की हड़ताल स्थगित, काम पर लौटे

अशोकनगर। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद पटवारियों पर की गई समस्त कार्यवाहियां शून्य कर दी गई हैं। अशोकनगर में भी कलेक्टर द्वारा सभी कार्यवाही वापस ले ली गई हैं। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल रघुवंशी ने बताया कि स्वामित्व रजिस्ट्री संबंधी सर्कुलर में आवश्यक कानूनी संशोधन कर पटवारियों को उनकी मांग के अनुरूप सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके साथ ही 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के साथ पटवारी महापंचायत आयोजित होगी, जिसमें पटवारियों की अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु घोषणाओं का आश्वासन दिया गया है। इन सकारात्मक निर्णयों के बाद पटवारियों ने अपनी अनिश्चित कालीन हड़ताल स्थगित कर कार्य पर वापस लौट आए हैं।

अज्ञात बदमाश बाइक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत भगतसिंह मार्ग निवासी राजेश सिंघई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी उसकी बाइक चोरी कर ले गए। बाइक का नंबर एमपी 67 एम 1391 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बाइक से नीचे गिरने से किशोर की मौत

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत इन्द्रा कॉलोनी शाढ़ौरा निवासी शिवा पुत्र गोपाल आदिवासी उम्र 17 साल की बाइक से नीचे गिरने से मौत हो गई। बताया गया है कि बाइक जब मयापुर और चिरोली के बीच से गुजर रही थी उसी दौरान शिवा आदिवासी बाइक से नीचे गिर गया। जिसके बाद उसे शाढौरा अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

श्री मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर प्रबंधक ट्रस्ट के सतीश सिंह अध्यक्ष बने

अशोकनगर। श्री मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर प्रबंधक ट्रस्ट रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 के पास के



ट्रस्टी यूहोने सर्वसम्मति से राव सतीश सिंह रघुवंशी को अध्यक्ष नियुक्त किया है एवं कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें संचालक अशोक कोहली उपाध्यक्ष कविंद्र कुमार अगरिया एवं दीपांशु त्रिपाठी देवेंद्र गुर्जर सचिव प्रमोद गुप्ता कोषाध्यक्ष हरिओम गुप्ता सहायक सचिव देव कुमार दुबे ऑडिटर गोपाल अग्रवाल सदस्य मृदुल अरोड़ा मनीष अग्रवाल डॉ जगदीश शर्मा जगदीश राजपूत आदि को संचालक मंडल में सदस्य नियुक्त किया गया है। सभी के सहयोग से मनसा पूर्ण हनुमान के मंदिर का संचालन ट्रस्टीओ द्वारा किया जा रहा है।

बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री को लिखा पत्र

शाढ़ौरा। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश मध्य



क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को पत्र लिखकर रबी सीजन में किसानों को पलावा हेतु 10 घंटे बिजली दिए जाने की मांग की है। रघुवंशी ने बताया कि अशोकनगर जिला कृषि प्रधान एवं कृषि पर आधारित है, जिसमें वर्तमान समय में रबी सीजन की तैयारी किसानों द्वारा की जा रही है। कम वर्षा के कारण किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराना आवश्यक है। क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों का मेंटेनेंस, फीडर सेपरेशन के माध्यम से गांवों में शत-प्रतिशत विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने एवं किसानों की समस्याओं पर समीक्षा करने की जरुरत है। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 10 घंटे विद्युत प्रदाय योजना के अनुसार किसानों को समय पर बिजली प्रदान कराने एवं दिन में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, इस हेतु उचित व्यवस्था करने आवश्यक निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए जाएं। जिससे किसानों की समस्या का समाधान समय पर हो सके।

कोर्ट के आदेश पर एसडीओपी करेंगे मामले की जांच

चंदेरी के पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर मारपीट व पैसे मांगने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के चंदेरी थाने में पदस्थ तीन पुलिसकर्मियों पर पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले में स्थित एक दिव्यांग युवक के घर में अवैध रूप से घुसकर मारपीट करने, परिजनों को धमकाने और 2 लाख रुपए मांगने के आरोप लगे हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ललितपुर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच चंदेरी एसडीओपी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेश शर्मा को सौंपी गई है।

बूढ़ी चंदेरी के बहुचर्चित टांग जुआ मामले की दबिश के दौरान सामने आया था पूरा विवाद



बूढ़ी चंदेरी में चले टांग जुआ से जुड़ा है पूरा घटनाक्रम

यह पूरा मामला तब सामने आया था जब कुछ दिन पहले चंदेरी क्षेत्र के बूढ़ी चंदेरी में बड़े स्तर पर टांग जुआ संचालित होने की खबरें सुर्खियों में आई थीं। उस दौरान पुलिस टांग जुआ चलाने वाले आरोपियों को पकड़ने और उनके घरों पर दबिश देने पहुंची हुई थी। इसी कार्रवाई और उठापटक के बीच यह मामला तूल पकड़ गया और पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अशोकनगर के पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद से यह प्रकरण लगातार सुर्खियों में है। ललितपुर जिले के थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम जखौरा मुहल्ला टपरियन निवासी दिव्यांग यादवेंद्र 23 वर्ष ने ललितपुर न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार, 18 सितंबर 2026 की दोपहर को चंदेरी थाने में पदस्थ उप निरीक्षक एसआई कदम सिंह मीना, आरक्षक प्रदीप शर्मा, आरक्षक योगेंद्र रघुवंशी और दो अन्य लोग बिना किसी महिला पुलिस या स्थानीय जखौरा थाने को सूचना दिए उनके घर में जबरन घुस आए। पीड़ित का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसके बड़े भाई सुंदर की तलाश के नाम पर घर की तलाशी ली और विरोध करने पर दिव्यांग यादवेंद्र तथा उनके वृद्ध माता-पिता के साथ अभद्रता व मारपीट की। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने झूठे मुकदमे जुआ-सट्टा में फंसाकर 10-15 साल के लिए जेल में सड़वाने की धमकी दी और 2 लाख रुपए की अवैध मांग की। इसके बाद भी पुलिसकर्मी 19 और 21 सितंबर की रात को दोबारा पीड़ित के घर पहुंचे और धमकियां दीं।

न्याय के लिए कोर्ट की शरण में पहुंचा पीड़ित परिवार

घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने जखौरा थाना और पुलिस अधीक्षक ललितपुर को लिखित शिकायत भेजी थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। ललितपुर सीजेएम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में एसपी कार्यालय द्वारा चंदेरी एसडीओपी महेश शर्मा को पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं।

इनका कहना है...

पुलिस से बचने के लिए इस तरह का परिवाद ललितपुर न्यायालय में लगाया गया है। पुलिस जुए के मामले में नहीं अपितु किसी अन्य मामले में आरोपी की तलाश करने गई थी। उक्त मामले की जांच चल रही है।

मुकेश शर्मा, एसडीओपी चंदेरी

अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

जनसुनवाई में कलेक्टर ने 150 आवेदकों की सुनीं समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 आवेदकों ने आवेदन दिए।

जनसुनवाई में ग्राम रोररीचक्क निवासी दूजबाई आदिवासी द्वारा पति की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम करख्या निवासी कृष्णगोपाल द्वारा खसरा की प्रतिलिपि दिलाए जाने, ग्राम दमदमा निवासी जयवर्धन द्वारा चिकित्सा क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने, अशोकनगर निवासी रचना शर्मा द्वारा गैस कनेक्शन दिलाए जाने, ग्राम मोहरी राय निवासी मंगूलाल अहिरवार द्वारा बी.पी.एल कार्ड बनवाये जाने, ग्राम राजपुर निवासी विजय कुमार द्वारा सीमांकन करा, जाने, ग्राम हिमजा निवासी राजकुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने, ग्राम सडूमरा निवासी गुड्डीबाई द्वारा भूमि से कब्जा हटवाये जाने, ग्राम नाओनी निवासी नत्थू रजक द्वारा फौती नामांतरण कराये जाने,चंदेरी निवासी लीलाबाई कुशवाह द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, ग्राम खिरिया महू निवसी गुड्डी बाई द्वारा पट्टा अमल कराये जाने, रातीखेड़ा निवासी कोमलबाई अहिरवार द्वारा मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर द्वारा प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

शाढ़ौरा-नईसराय मार्ग पर रेल फाटक 20 तक रात 10 से सुबह 6 बजे तक बंद रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



शाढ़ौरा से नईसराय मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक आगामी दिनों में रात्रि के समय बंद रहेगा। रेलवे द्वारा ट्रैक के अनुरक्षण एवं रखरखाव कार्य के चलते 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात 10 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक सड़क यातायात बंद रखने का निर्णय लिया गया है। हालांकि दिन के समय मार्ग पर आवागमन पूर्ववत जारी रहेगा।

जानकारी के अनुसार, शाढ़ौरा गांव के अंतर्गत स्थित रेलवे समपार क्रमांक एलसी-48, जिसे नईसराय रेलवे फाटक के नाम से जाना जाता है, पर रेलवे द्वारा अनुरक्षण कार्य कराया जाना है। इस संबंध में रेलवे के सहायक मंडल अभियंता की ओर से शाढ़ौरा थाना पुलिस को सूचना दी गई है। कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे फाटक पर रात्रिकालीन सड़क यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अनुरक्षण कार्य केवल रात के समय किया जाएगा, जिससे दिन में आवागमन करने वाले वाहन चालकों और नागरिकों को परेशानी नहीं होगी। वहीं रात्रि में इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना होगा। रेलवे प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों एवं वाहन चालकों से अनुरक्षण कार्य के दौरान सहयोग करने की अपील की है।

गुरुद्वारों की दानपेटियों से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

थाना देहात एवं थाना ईसागढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 208550 की राशि बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना देहात एवं थाना ईसागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुद्वारों की दानपेटियों से नकदी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर दोनों घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 2,08,550 की राशि बरामद की है जो दो गुरुद्वारों की दानपेटियों के ताले तोड़कर की थी। सुखमोहन सिंह सिख उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम खमतला राजतला थाना देहात जिला अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्राम खमतला स्थित गुरुद्वारे की दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार थाना ईसागढ़ क्षेत्र के ग्राम ध्यानपुर खिरिया स्थित गुरुद्वारे की दानपेटी का ताला तोड़कर नकदी चोरी किए जाने की घटना पर थाना ईसागढ़ में अपराध क्रमांक 414/2026 धारा 305 (ए) 331 (4) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया था। दोनों घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी ओमप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में, थाना देहात एवं थाना ईसागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर आरोपी की तलाश की गई। उक्त पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए 13 अगस्त को आरोपी गुरूदास सिंह पुत्र बूटा सिंह सिख उम्र 21 वर्ष निवासी उद्योगनगर लखीमपुर खीरी उत्तरप्रदेश को ईसागढ़ रोड से गिरफ्तार किया।



पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा दोनों गुरुद्वारों की दानपेटियों से नकदी चोरी करना स्वीकार किए जाने संबंधी जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई। आरोपी गुरूदास सिंह के कब्जे से 2,08,550 की चोरी गई नकदी विधिवत बरामद की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में ग्राम खमतला स्थित गुरुद्वारे की दानपेटी से 1,68,300 तथा ग्राम ध्यानपुर खिरिया स्थित गुरुद्वारे की दानपेटी से 40,250 चोरी करना बताया। गिरफ्तार आरोपी को वैधानिक कार्रवाई के उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को राजपुर में जाम लगा दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क पर वाहन खड़े कर दिए। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान ग्रामीणों के बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। सुबह करीब 9.30 बजे ग्रामीणों का यह धरना प्रदर्शन चालू हुआ जो लगातार तीन घंटे तक चलता रहा। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली का कोई निश्चिति समय नहीं है कब बिजली आएगी, कब जाएगी, अघोषित बिजली कटौती के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग को बिजली कटौती की पूर्व सूचना ग्रामीणों को दिया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीण विरोध प्रदर्शन पर उतर आए और उन्होंने सड़क पर जाम लगा लिया। जैसे ही चक्का जाम की जानकारी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को मिली वैसे ही वह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपना विरोध जारी रखा बाद में अधिकारियों की समझाइश पर ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन वापस ले लिया। इस दौरान ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया कि, बिजली आपूर्ति में जो भी समस्या आ रही है उसका निराकरण कराया जाएगा। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों की ओर से कहा गया है कि लाईनों को मेंटनेश किया जा रहा है जिसके कारण यह बाधा पैदा हो रही है। इस दौरान ग्रामीणों को कहा गया कि वह बिना पूर्व सूचना के इस तरह का विरोध प्रदर्शन न करें अगर उन्हें विरोध प्रदर्शन करना है तो पहले उसकी अनुमति लें या फिर बिजली विभाग के कार्यालय के बाहर जाएं, आम नागरिकों को परेशानी नहीं होनी चाहिए जिसके बाद ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया।

सांदीपनि विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



अशोकनगर। मंगलवार को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन महिदपुर के सांदीपनि विद्यालय में किया गया। जिसमें 380 किशोर किशोरियों का हीमोग्लोबिन व प्रजनन स्वस्थ संचारी असंचारी बीमारी ओर नशे के दूर उपयोग ओर करियर काउंसलिंग की गई। जिसमें मेडिकल ऑफिसर विशाल मकवाना आशु रघुवंशी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन रघुवंशी आजाद लोधी किरण बिजौले उमंग परामर्शदाता रामपाल राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रशिक्षक आशीष रघुवंशी सुनैना उज्जैनी रोहित ओर स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

जिला न्यायालय में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि वितरण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय अशोकनगर में मंगलवार को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेंद्र रघुवंशी, डॉ. दीपक रघुवंशी के समन्वय से शिविर संपन्न हुआ। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक रघुवंशी, डॉ. धर्मेंद्र सोनी, डॉ. अमृता वर्मा सहित अन्य चिकित्सकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी सेवाएँ प्रदान की गईं। आयुष शिविर में अधिवक्तागणों ने विशेष लाभ प्राप्त किया। साथ ही कर्मचारी गणों ने अपनी दैनिक जीवन को अच्छे रखने के साथ आयुर्वेदिक औषधियां से अपने स्वास्थ्य में लाभ प्राप्त करने की आशा व्यक्त की उपस्थित सभी कर्मचारी एवं विद्वान अधिवक्तागणों ने आयुर्वेद को अपने जीवन में अपने का प्रण लिया, जिसमें उत्तम दिनचर्या साथ ही केंद्रीय सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन लाइफ आदि से प्रेरणा लेते हुए स्वास्थ्य एवं उल्लासित रहने का प्रण लिया।

किसानों की समस्याएं सुनी, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

खाद वितरण केंद्र पर किसानों से मिले विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

खाद वितरण केंद्र पर पीने के लिए न पानी के इंतजाम हैं न धूप से बचने की सुविधा



डबल लॉक खाद वितरण केंद्र पर खाद के लिए परेशान हो रहे किसानों की समस्याओं की जानकारी मिलने पर अशोकनगर विधायक इंजी. हरिबाबू राय मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उनकी परेशानियों को जाना। इस दौरान खाद वितरण केंद्र पर कई अव्यवस्थाएं सामने आईं, जिन्हें लेकर विधायक ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा। किसानों ने विधायक को बताया कि जब केंद्र पर उपस्थित कर्मचारियों से विधायक की फोन पर बात कराने के लिए कहा, तो कर्मचारियों ने बात कराने से मना कर दिया। इस मामले की जानकारी लेने जब विधायक स्वयं मौके पर पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि वहां मौजूद एक व्यक्ति की ड्यूटी किसी सरकारी अधिकारी द्वारा लगाए जाने की जानकारी स्पष्ट नहीं है। इस पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों की जांच की जाए और यदि कोई व्यक्ति बिना अधिकृत जिम्मेदारी के वहां बैठकर किसानों के कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है, तो उसे हटाकर संबंधित के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। किसी भी व्यक्ति को जनप्रतिनिधियों एवं किसानों से संवाद करने से रोकने का अधिकार नहीं होना चाहिए।

एक तरफ खाद की किल्लत, दूसरी तरफ गर्मी से बचने और प्यास बुझाने की व्यवस्था भी नहीं थी। किसानों ने बताया कि खाद वितरण केंद्र पर गर्मी से बचने के लिए दो पंखे लगे हुए हैं, लेकिन दोनों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं। इसके कारण घंटों तक लाइन में खड़े किसानों को गर्मी में परेशान होना पड़ रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि केंद्र पर पहले पीने के पानी की टंकी लगी हुई थी, लेकिन उसकी पाइप लाइन काट दिए जाने से पानी मिलना बंद हो गया है। अब किसानों को अपनी प्यास बुझाने के लिए बाहर से पानी की बोतल खरीदनी पड़ रही है। इस स्थिति पर विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किसानों के साथ ऐसी लापरवाही क्यों की जा रही है? क्या किसान इंसान नहीं हैं? क्या उन्हें गर्मी नहीं लगती और क्या उन्हें प्यास नहीं लगती? खाद लेने के लिए घंटों लाइन में खड़े किसानों के लिए पंखे और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं बंद होना गंभीर लापरवाही का विषय है। इसकी जांच कर जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

टोकन की तारीख निकलने से किसान खाद के लिए परेशान

किसानों ने अपनी एक और समस्या बताते हुए कहा कि उन्हें खाद प्राप्त करने के लिए जो तारीख दी गई थी, वह निकल चुकी है। अब उन्हें दोबारा टोकन या तारीख लेने के लिए कहा जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि अधिकारियों द्वारा तारीखों में एक-एक दिन की देरी की जाती रही और उसके बाद भी खाद नहीं मिला, तो किसान समय पर अपनी फसल की बोवनी कैसे कर पाएंगे? विधायक ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर टीडीए अमित सिंह भदौरिया से चर्चा हुई है। वे अन्य संबंधित अधिकारियों से भी चर्चा कर खाद वितरण की व्यवस्था सहित सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग करेंगे।

सामाजिक संगठन बनाने का उद्देश्य सही होना चाहिएः निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि निरजंन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल सोशल क्लब और किटी पार्टी का एक चलन सामान्य सा हो गया है। परंतु इनके उद्देश्य वाक्य और इनकी कार्य प्रणाली के अंतर को देखते हैं तो बड़ा अंतर दिखता है। संगठन के नाम और काम दोनों ही विपरीत से ही प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन के निर्माण का उद्देश्य एक पवित्र उद्देश्य होता है। क्योंकि मनुष्य सामाजिक प्राणी है और समाज हित को लेकर इसके द्वारा जो भी कार्य किये जाते हैं, वह कार्य वस्तुतः इसके ही आत्म हित में सहकारी बनते हैं। क्योंकि जो भलाई के कार्य करता है, उन कार्यों के माध्यम से वह अपनी ही भलाई का मार्ग प्रशस्त करता है। इन सामाजिक संगठनों का निर्माण मूलतः देव, शास्त्र और गुरुओं के अनुरूप जीवन को व्यवस्थित करना होता है। पर जब हम वस्तु स्थिति देखते हैं, तो ऐसे सामाजिक संगठन खाने-पीने और मौज-मस्ती तक ही सीमित दिखते हैं। आज कहाँ जाना है और वहाँ क्या खाना है, यह इन संस्थाओं की बैठक का मुख्य आधार रहता है। कहते भी हैं नो मीटिंग, विथ आउट इटिंग और इसके बाद नम्बर आता है सिटिंग का हमारी बैठक व्यवस्था किस प्रकार की रहेगी, मंच पर कौन-कौन बैठेगा आदि। यह सब देखकर आज की नवयुवक पीढ़ी इन चीज़ों पर हमसे भी प्रश्न पूछती है कि, महाराज, हमारे माता-पिता इस तरह की दिखावे की क्रियाओं को करते हैं।

यूनिसेफ के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने किया राजगढ़ जिले का भ्रमण

बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों के संरक्षण व परिवार सशक्तीकरण के प्रयासों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा परिवारों के सशक्तीकरण के उद्देश्य से जिले में किए जा रहे प्रयासों का जायजा लेने के लिए यूनिसेफ के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने राजगढ़ जिले का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, किशोरों एवं युवाओं, विभिन्न शासकीय विभागों, न्यायिक अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से संवाद कर बाल संरक्षण की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में सुश्री शीमा सेन गुप्ता, ग्लोबल डायरेक्टर, चाइल्ड प्रोटेक्शन एंड माइग्रेशन सुश्री मिलन किडाने, प्रमुख, चाइल्ड प्रोटेक्शन, यूनिसेफ इंडिया कंट्री ऑफिस सुश्री शर्मिला रे, चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ इंडिया कंट्री ऑफिस श्री लोलिचेन पी.जे., चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट तथा श्री गोविंद बेनीवाल, चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर, यूनिसेफ मध्य प्रदेश कार्यालय शामिल रहे।



जिले में बाल विवाह के मामलों में आई उल्लेखनीय कमी

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) एवं एनएफएचएस-6 के आंकड़ों के अनुसार, राजगढ़ जिले में 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की उन महिलाओं का अनुपात, जिनका विवाह 18 वर्ष की आयु से पहले हुआ था, 46 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत रह गया है। यह जिले में बाल विवाह की रोकथाम की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणामों को रेखांकित करता है। इस प्रगति को स्थायी सामाजिक बदलाव में परिवर्तित करने के लिए निरंतर जनजागरूकता, किशोर-किशोरियों का सशक्तिकरण, समुदाय की सक्रिय भागीदारी, जोखिमग्रस्त बच्चों की समय पर पहचान तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा व पुलिस अधीक्षक तोलानी से की मुलाकात



भ्रमण के प्रथम चरण में यूनिसेफ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले से कलेक्टर कार्यालय में मुलाकात की। बैठक में जिले में संचालित बाल संरक्षण एवं परिवार सशक्तिकरण संबंधी प्रयासों, बाल विवाह की रोकथाम की रणनीतियों तथा आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान जोखिमग्रस्त बच्चों एवं परिवारों की समय रहते पहचान करने, उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने तथा प्रशासन, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायतों के समन्वित प्रयासों को प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और किशोर-किशोरियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर बाल संरक्षण तंत्र को और सुदृढ़ बनाने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बनानिया ग्राम पंचायत में किशोरों व युवाओं से किया संवाद

प्रतिनिधिमंडल ने बनानिया ग्राम पंचायत का भ्रमण कर बनानिया सहित तीन अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंचों, पंचायत सचिवों, शिक्षकों, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों तथा किशोरों एवं युवाओं से संवाद किया। इस दौरान बाल विवाह के सामाजिक कारणों, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा की निरंतरता तथा बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों के निर्माण में स्थानीय समुदाय की भूमिका पर चर्चा की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में बाल अधिकारों एवं सुलभ न्याय पर मंथन

भ्रमण के अंतिम चरण में प्रतिनिधिमंडल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवदत्त ने की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलिमा देवेदत्त ने भी अपने विचार साझा किए। बैठक में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न शासकीय विभागों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों के संरक्षण तथा हिंसा से प्रभावित बच्चों को सुलभ, संवेदनशील एवं बाल-केंद्रित न्याय उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा की गई।

समन्वित प्रयासों से सुरक्षित बचपन की दिशा में बढ़ेंगे कदम

यूनिसेफ प्रतिनिधिमंडल का राजगढ़ जिले का भ्रमण बाल संरक्षण को प्रशासन, परिवार, समुदाय, ग्राम पंचायत, विद्यालय एवं न्यायिक व्यवस्था की साझा जिम्मेदारी के रूप में सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा। भ्रमण के दौरान विभिन्न स्तरों पर हुए संवाद में बाल विवाह की रोकथाम, किशोर-किशोरी सशक्तीकरण, परिवारों को मजबूत बनाने तथा हिंसा से प्रभावित बच्चों को न्याय एवं संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता सामने आई। बच्चों के सुरक्षित भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता तथा विभिन्न संस्थाओं के बीच प्रभावी समन्वय के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

चल समारोह के दौरान हादसा

वाहन की टक्कर से 10 वर्षीय बालिका गंभीर घायल हुआ



हादसे के बाद वाहन सहित चालक मौके से फरार हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीपस्थ संडावता मार्ग स्थित ग्राम जमुनागंज में सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से 10 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद वाहन सहित चालक मौके से फरार हो गया। घायल बालिका को परिजन तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, ग्राम जमुनागंज में बंजारा समाज के रूपसिंह महाराज बालाजी मंदिर के बोर्ड स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। कार्यक्रम के तहत गांव में चल समारोह निकाला जा रहा था। इसी दौरान पड़ल्या माता की ओर से आ रही क्रेटा कार ने 08 वर्षीय रिया पिता ईश्वर सुरावत, निवासी जमुनागंज, को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालिका गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी।

ग्रामीणों ने वाहन रोकने का किया प्रयास

हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह कार लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। खबर लिखे जाने तक बालिका रिया की हालत गंभीर बताई जा रही थी। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक की पहचान और हादसे के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

विधायक मुकेश टंडन ने सुनीं जनसमस्याएं

विदिशा। भाजपा कार्यालय में मंगलवार को विदिशा मुकेश टंडन ने भाजपा के सहयोग सेल के माध्यम से नागरिकों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, नागरिकों और व्यापारियों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक टंडन ने आवेदकों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिला भाजपा संगठन की ओर से सहयोग सेल में मुकेश चौकसे और डॉ. राहुल जैन उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन जांच रिपोर्ट पर करेगा कार्रवाई

खिलचीपुर के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाइयों के नमूने लिए

ब्यावरा। खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारीएस.एस. खत्री द्वारा खिलचीपुर बस स्टैंड स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मनीष स्वीट्स से मावा बर्फी एवं बूंदी लड्डू तथा रतलामी सेव भंडार से मावा लड्डू एवं कलाकंद के नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण



प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता व्यवस्था, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

शारदीय नवरात्रि का पर्व

नवयुवक उत्सव समिति ने की मां बीजासन की प्रतिमा स्थापित



> श्रद्धालु माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर तलेनी में नवयुवक उत्सव समिति के तत्वावधान में मां बीजासन माता की छवि स्वरूप प्रतिमा की स्थापना की गई। नवरात्रि के अवसर पर माता की प्रतिमा स्थापित होने से गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों और श्रद्धालुओं से नवरात्रि के दौरान तलेनी पहुंचकर मां बीजासन माता के दर्शन करने तथा पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की आराधना, भक्ति और आस्था का प्रतीक है। इन दिनों श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस धार्मिक आयोजन में पवन पुष्पद, रवि पुष्पद, अजय पुष्पद, विशाल पुष्पद, राहुल पुष्पद, मनीष पुष्पद, सोनू पुष्पद, रोहित पुष्पद, दीपक पुष्पद, संदीप पुष्पद, राजा पुष्पद, पंकज पुष्पद, सुमित, आदेश पुष्पद, निर्मल पुष्पद, जय पुष्पद सहित समस्त फूलमाली समाज का सहयोग एवं सहभागिता है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से माता के दर्शन के लिए पधारने का कहा है।

आठवें दिन राम-भरत मिलाप और निषादराज मित्रता की लीलाओं ने मोहा मन

चित्रकूट पहुंचकर श्रीराम से मिले भरत, लीला देखकर भावुक हो गए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के शिव चैक स्थित त्र्यंबकेश्वर महादेव परिसर में आयोजित श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वाधान में रामलीला के मंचन के आठवें दिवस नगर के स्थानीय कलाकार जो विगत कई वर्षों से निरंतर निःशुल्क सेवा भाव से अपनी सेवाएं दे रहे है। उनके साथ हर वर्ष नये कलाकार जुड़ विभिन्न पाठ करके अपनी मधुर वाणी से रामायण की चैपाई तथा प्रसंग का मार्मिक चित्रण करके श्रद्धालु भक्तों को राम चरित्र



का अनुसरण करने की प्रेरणा दे रहे हैं। रामलीला में भरत शत्रुघ्न ननिहाल से अयोध्या लोटाते है लेकिन पुरे नगर में चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ के प्राणांत से भरत व्याकुल , कुंठित होकर गुरू वशिष्ठ के समझाने पर भी राम के स्नेह प्रेम में राम को अयोध्या लाने के लिए कृत संकल्पित हो अयोध्या से राम की चरण पादुका लेकर वनवास की ओर प्रस्थान किया।

चित्रकूट में हुआ श्रीराम-भरत को मिलाप

इस दौरान भरत मिलाप तक की लीलाओं का सजीव मंचन किया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।जिसमें भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान निषादराज से मित्रता तथा अयोध्या से चित्रकूट पहुंचे। भरत और श्रीराम के मिलन का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया। भरत का अपने बड़े भाई श्रीराम के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण देखकर दर्शक भावुक हो उठे। राम-भरत मिलाप के दृश्य ने भाईचारे, प्रेम और पारिवारिक संस्कारों का संदेश दिया। स्थानीय कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से रामायण के प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दिया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक वातावरण बना रहा और जय श्रीराम के जयकारों से परिसर गूंज उठा।

पशु चारे का हो सकता संकट

हाईवे के समीप स्टॉक कर बाहरी कंपनियों को हो रहा चारा सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र में सोयाबीन की फसल से निकलने वाले भूसे के कारोबार को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, सारंगपुर नेशनल हाईवे के समीप अकोदिया रोड पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सोयाबीन का भूसा खरीदकर बड़ी मात्रा में स्टॉक किया जा रहा है। इसके बाद इसे बाहरी शहरों में स्थित कंपनियों को जलावन के रूप में सप्लाई किए जाने की बात सामने आ रही है। इस कारोबार को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा का माहौल है।

स्थानीय पशुपालकों के सामने खड़ा हो सकता है संकट

सोयाबीन का भूसा ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के चारे के रूप में भी उपयोग किया जाता है। ऐसे में यदि बड़ी मात्रा में भूसे की खरीद कर उसे बाहरी शहरों में भेजा जाता है, तो आने वाले दिनों में स्थानीय पशुपालकों को चारे की कमी का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही भूसे की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि, इस संबंध में वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

बिना अनुमति धर्म कांटा संचालन पर भी सवाल

इस पूरे मामले में भूसे के स्टॉक और परिवहन के साथ अकोदिया रोड पर कथित रूप से लगाए गए निजी धर्म कांटे को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि यहां बिना आवश्यक अनुमति के धर्म कांटा संचालित किया जा रहा है। यदि ऐसा है, तो संबंधित विभागों को इसकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए।

इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी मिली है उचित कार्रवाई की जाएगी।
सुनील वर्मा तहसीलदार सारंगपुर

अभा यादव महासभा अहीर का राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में संपन्न

ब्रिगेडियर करतार सिंह राष्ट्रीय व रामगोपाल मध्यप्रदेश अध्यक्ष बने





हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर संगठन का राष्ट्रीय स्तरीय अधिवेशन दो दिवसीय शनिवार, रविवार को राजा पैराडाइज न्यू सांगानेर रोड मुहाना मंडी रोड जयपुर में आयोजित हुआ। जिसमें देश के 13 राज्यों से संगठन के संस्थापक सदस्य, आजीवन सदस्य, साधारण एवं समर्थक सदस्यों ने पहुंचकर अधिवेशन में शामिल हुए। साधारण सभा से पहले हुई कौर कमेटी सदस्यों की बैठक में तय हुआ कि जिन संस्थापक सदस्यों ने पद पर रहते हुए अपना समय पूरा कर लिया है, उन्हे दूसरे दायित्व सौंपे जाए। इसी को लेकर संगठन के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक यादव को राष्ट्रीयसंरक्षक मनोनियत किए और भारतीय सेना से निवृत हुए ब्रिगेडियर करतार सिहं यादव हरियाणा को सर्व सम्मत्ति से राष्ट्रीय अध्यक्ष और राव धर्मपाल यादव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रिटायर्ड आईएएस अनिता यादव हरियाणा को राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्षमनोनितकिए गए। इसी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी को आगे बढ़ाते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल यादव हरदा मध्यप्रदेश, रामगोपाल यादव ब्यावरा-राजगढ़ को मध्यप्रदेश संगठन महामंत्री पद से प्रदेष अध्यक्ष, संजय यादव बिहार प्रदेश अध्यक्ष, एडवोकेट सुरेंद्र पाल सिंह यादव हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष, अर्जुन यादव राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए। मध्यप्रदेश अध्यक्ष पर रहे देवीसिंह यादव गंजबासौदा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिए गए।

कृष्ण के वंशज कहते हो तो शराब, मांस खाना बंद करो

इस दौरान डॉ. अशोक यादव ने संबोधन करते हुए कहा कि हमारा समाज आज कौन सी दिशा में खड़ा है, यह किसी से छिपा नहीं है, आप लोग अपने आप में भगवान श्री कृष्ण के वंशज कहते तो हो, लेकिन उनके बताए गए मार्ग का अनुषरण नहीं करते हो, क्या भगवान श्री कृष्ण मांस, मदिरा आदि का सेवन करते थे अगर नहीं तो आप को भी नहीं करना चाहिए। अगर समाज का व्यक्ति मांस, मदिरा खाता पीता है, तो वह भगवान श्री कृष्ण के वंशज कहलाने लायक नहीं है, वह फिर कंस का वंशज जरूर हो सकते है।

अपने बच्चों को कुछ दे या नहीं दे, शिक्षा जरूर अच्छी दें

वहीं नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रिगेडियर करतार सिंह यादव ने संगठन का वार्षिक आय-व्यय को पेस कर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में पनप रही मृत्यु भोज, खर्चीली शादिया जैसी कुरीतियों को हमे रोकना होगा। मध्यप्रदेश में जरूर समाज के अंदर इन कुरीतियों से समाज दूरी बना रहा है, लेकिन देश के अन्य राज्यों में हालात खराब है, हमे देश के कौने-कौने में पहुंचकर यादव समाज को जागरूक करना है। तब जाकर हमारा समाज एक होगा और एक होगा तो हमारी शक्ति भी ज्यादा होगी। देश में हम करोड़ो में होने के बाद भी हमारी शक्ति कमजोर पड़ी हुई है। समाज बच्चों को कुछ दे या न दे लेकिन उनको षिक्षा अच्छे से दे, जिससे वह स्वयं सार्मथ होगा, जिससे आगे चलकर एक मजबूत समाज बनेगा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय मुख्य संगठन महामंत्री हनुमान सहाय यादव जयपुर राजस्थान तथा आभार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राव धर्मपाल यादव हरियाणा ने माना।

अन्नपूर्णा नगर कालोनी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निम्न आय वर्ग हेतु आरक्षित भूखण्डो के आवंटन के संबंध में सूचना

आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग (ई.डब्लू.एस) को प्लाट एवं आवंटन के संबंध में सूचना आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग (ई.डब्लू.एस) मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (कमांक 1 सन 1994) ओर असके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत कालोनियो का विकास नियम 2014 के अधीन एतद द्वारा राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 24/12/2014 के नियम 15 के प्रावधानो के अंतर्गत हमारे द्वारा नगर खिलचीपुर तह. खिलचीपुर जिला राजगढ़ स्थित अन्नपूर्णा नगर कालोनी भूमि सर्वे नंबर 590,591,592,594,596,598,599,600 एवं 605/1 रकबा क्रमशः 0.036, 0.154, 0.024, 0.368, 0.265, 0.012, 0.016, तथा 1.558 हेक्टेयर कुल किता 9 रकबा 2.445 हेक्टेयर भूमि पर अन्नपूर्णा नगर कालोनी हेतु किया जाना है। इस हेतु उपरोक्त आरक्षित भूखण्डो के आवंटन/विक्रय हेतु पात्र व्यक्तियो से आवेदन निम्न शर्तो के आधिन आमत्रित किया जाना है। पात्रता की शर्ते - 1. आवेदक म.प्र. का मूल निवासी होना आवश्यक है। (समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र) 2. आवेदक को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के आरक्षित भूखण्डो की पात्रता हेतु कमजार/आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग का होना आवश्यक है। (समक्ष राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी / स्व प्रमाणित वार्षिक आय प्रमाण पत्र) 3. भूखण्डो के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारूप आवेदन प्रपत्र एवं शर्ते रू. 100 जमा कराकर विज्ञप्ति प्रकाश से 15 दिवस में समय 10:30 से 5 बजे तक कार्यालय: मनोहर शर्मा, पता:- वैभव लक्ष्मी विहार कॉलोनी, कुण्डीबे रोड़. खिलचीपुर से प्राप्त किए जा सकेगे। 4. कोई भी आवेदन पत्र स्वीकृत अथवा आस्वीकृत करने का अधिकार नियम 1999 के अंतर्गत समक्ष प्राधिकारी अथवा सस्थान का होगा। इनका कोई कारण नही दर्शाया जायेगा। 5. उक्त सभी दस्तावेज की छायाप्रति स्वंय द्वारा अभिप्रमाणित कर आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक हैं। 6. कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के आरक्षित भूखण्डो की लागत प्रावधनित नियमो के अनुसार होगी। 7. आरक्षित भूखण्डो का आवंटन कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग को लाटरी के आधार पर किया जायेगा पहले आवे पहले पावे के आधार पर। 8. आवेदक के स्वयं परिवार के पास म.प्र. में कोई भूखण्ड/भवन नही है इसका शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

मेसर्स :- अन्नपूर्णा नगर कालोनी
तर्के भागीदारी : प्रियव्रत सिंह
निवसी :- राजमहल खिलचीपुर
सम्पर्क :- मनोहर शर्मा
मोबा :- 9754279175